# भारत का संविधान

## विषय सूची पर एक नजर


| क्र. | प्रावधान | भाग | अनुच्छेद | पृष्ठ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावना | - | | 1 |
| 2. | संघ और राज्य क्षेत्र | 1 | 1 से 4 | 2-3 |
| 3. | नागरिकता | 2 | 5 से 11 | 3-4 |
| 4. | मूल अधिकार | 3 | 12 से 35 | 5-21 |
| 5. | राज्य की नीति के निदेशक तत्व | 4 | 36 से 51 | 21-24 |
| 6. | मूल कर्त्तव्य | 4 | 51क | 24-25 |
| 7. | संघ | 5 | 52 से 151 | 25-61 |
| 8. | राज्य | 6 | 152 से 237 | 62-99 |
| 9. | पहली अनुसूची के भाग ख के राज्य | 7 | 238 | 99 |
| 10. | संघ राज्य क्षेत्र | 8 | 239 से 242 | 99-105 |
| 11. | पंचायत | 9 | 243 से 243ण | 105-111 |
| 12. | नगरपालिकाएँ | 9 | 243त से 243यछ | 112-119 |
| 13. | सहकारी सोसायटी | 9 | 243यज से 243यन | 119-122 |
| 14. | अनुसूचित और जनजाति क्षेत्र | 10 | 244 से 244क | 122-123 |
| 15. | संघ और राज्यो के बीच संबंध | 11 | 245 से 263 | 123-128 |
| 16. | वित्त, संपत्ति और संविदाएँ | 12 | 264 से 300क | 128-143 |
| 17. | भारत के राज्यक्षेत्र के भीतर व्यापार, वाणिज्य और समागम | 13 | 301 से 307 | 141-143 |
| 18. | संघ और राज्यों के अधीन सेवाएँ | | 308 से 323 | 143-152 |
| 19. | अधिकरण | 14 | 323क से 323ख | 152-154 |
| 20. | निर्वाचन | 15 | 324 से 329क | 155-157 |
| 21. | कुछ वर्गों के संबंध विशेष उपबंध | 16 | 330 से 342 | 157-166 |
| 22. | राजभाषा | 17 | 343 से 351 | 166-170 |
| 23. | आपात उपबंध | 18 | 352 से 360 | 170-180 |
| 24. | प्रकीर्ण | 19 | 361 से 367 | 180-187 |
| 25. | संशोधन | 20 | 368 | 187-188 |
| 26. | अस्थायी, संक्रमणकालीन और विशेष उपबंध | 21 | 369 से 392 | 188-205 |
| 27. | संक्षिप्त नाम, प्रारंभ, हिन्दी में प्राधिकृत पाठ और निरसन | 22 | 393 से 395 | 205-206 |
| 28. | अनुसूची 1-12 | - | - | 207-282 |
| 29. | परिशिष्ट - 1 | - | - | 283-296 |

39क. समान न्याय और नि:शुल्क विधिक तत्व
40. ग्राम पंचायतो का संगठन
41. कुछ दशाओं में काम, शिक्षा और लोक सहायता पाने का अधिकार
42. काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का उपबंध
43. कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी आदि
43क. उधोगो के प्रबंध में कर्मकरों का भाग लेना
43ख. सहकारी समिति की अभिवृद्धि
44. नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता
45. छह वर्ष से कम आयु के बालकों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देख-रेख और शिक्षा का उपबंध
46. अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य दुर्बल बर्गो के शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की अभिवृद्धि
47. पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊँचा करने तथा लोक स्वास्थ का सुधार करने क राज्य का कर्तव्य
48. कृषि और पशुपालन का संगठन
48क. पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा
49. राष्ट्रीय महत्व के संस्मारकों, स्थानों और वस्तुओं का संरक्षण
50. कार्यपालिका से न्यायपालिका का पृथकरण
51. अन्तराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि

**भाग 4क**

**मूल कर्तव्य**

51क. मूल कर्तव्य

**भाग 5**

**संघ**

**अध्याय 1- कार्यपालिका**

**राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति**

52. भारत का राष्ट्रपति
53. संघ की कार्यपालिका शक्ति
54. राष्ट्रपति का निर्वाचन
55. राष्ट्रपति के निर्वाचन की रीति
56. राष्ट्रपति की पदावधि
57. पुनर्निवाचन के लिए पात्रता
58. पुननिर्वाचित के लिए पात्रता
59. राष्ट्रपति के पद के लिए शर्ते
60. राष्ट्रपति के द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान
61. राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया
62. राष्ट्रपति के पद में रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचन करने का समय और

शिष्टाचार या सदाचार के हितों में अथवा न्यायालय-अवमान, मानहानि या अपराध-उद्दीपन के संबंध में युक्तियुक्त निर्बंधन जहाँ तक की विद्यमान विधि अधिरोपित करती है वहाँ तक उसके प्रवर्तन पर प्रभाव नहीं डालेगी या वैसे निर्बंधन अधिरोपित करने वाली कोई विधि बनाने से राज्य को निवारित नहीं करेगी।]

(3) उक्त खंड के उपखण्ड (ख) की कोई बात उक्त उपखण्ड द्वारा दिए गए अधिकार के प्रयोग पर [4][भारत की प्रभुता और अखंडता या] लोक व्यवस्था के हितों में युक्तियुक्त निर्बंधन जहाँ तक कोई विद्यमान विधि अधिरोपित करती है वहाँ तक उसके प्रवर्तन पर प्रभाव नहीं डालेगी या वैसे निर्बंधन अधिरोपित करने वाली कोई विधि बनाने से, राज्य को निवारित नहीं करेगी।

(4) उक्त खण्ड के उपखण्ड (ग) की कोई बात उक्त उपखण्ड द्वारा दिए गए अधिकार के प्रयोग पर [4][भारत की प्रभुता और अखंडता या] लोक व्यवस्था या सदाचार के हितों में युक्तियुक्त निर्बंधन जहाँ तक कोई विद्यमान विधि अधिरोपित करती है वहाँ तक उसके प्रवर्तन पर प्रभाव नहीं डालेगी या वैसे निर्बंधन अधिरोपित करने वाली कोई विधि बनाने से राज्य को निवारित नहीं करेगी।

(5) उक्त खण्ड के [5][उपखण्ड (घ) और उपखण्ड (ङ)] की कोई बात उक्त उपखण्डों द्वारा दिए गए अधिकारों के प्रयोग पर साधारण जनता के हितों में या किसी अनुसूचित जनजाति के हितों के संरक्षण के लिए युक्तियुक्त निर्बंधन जहाँ तक कोई विद्यमान विधि अधिरोपित करती है वहाँ तक प्रवर्तन पर प्रभाव नहीं डालेगी या वैसे निर्बंधन अधिरोपित करने वाली कोई विधि बनाने से राज्य को निवारित नहीं करेगी।

(6) उक्त खण्ड के उपखण्ड (छ) की कोई बाद उक्त उपखण्ड द्वारा दिए गए अधिकार के प्रयोग पर साधारण जनता के हितों में युक्तियुक्त निर्बंधन जहाँ तक कोई विद्यमान विधि अधिरोपित करती है वहाँ तक उसके प्रवर्तन पर प्रभाव नहीं डालेगी या वैसे निर्बंधन अधिरोपित करने वाली कोई विधि बनाने से राज्य को निवारित नहीं करेगी और विशिष्टतया [6][उक्त उपखण्ड की कोई बात-

---

1. *संविधान (चवालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1978 की धारा 2 (20-6-1979 से) अन्त:स्थापित।*
2. *संविधान (चवालीसवाँ संशोधन) अधिनियम, 1978 की धारा 2 (20-6-1979 से) उपखण्ड (च) का लोप किया गया।*
3. *संविधान (पहला संशोधन) अधिनियम, 1951 की धारा 3 द्वारा (भूतलक्षी प्रभाव से) खण्ड (2) के स्थान पर प्रतिस्थापित।*
4. *संविधान (सोलहवाँ संशोधन) अधिनियम, 1963 की धारा 2 द्वारा अन्त:स्थापित।*
5. *संविधान (चवालीसवाँ संशोधन) अधिनियम, 1978 की धारा 2 (20-6-1979 से) "उपखण्ड (घ), उपखण्ड (ङ) और उपखण्ड (च)" के स्थान प् प्रतिस्थापित।*
6. *संविधान (पहला संशोधन) अधिनियम, 1951 की धारा 3 द्वारा कुछ शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित।*

(i) कोई वृति, उपजीविका, व्यापार या कारबार करने के लिए आवश्यक वृत्तिक या तकनीकी अर्हताओ से, या

वाहक पशुओं की नस्लों के परिक्षण और सुधार के लिए और उनके वध प्रतिषेध करने के लिए कदम उठाएगा|

---

*1. संविधान (बयालीसवाँ संशोधन) अधिनियम, 1978 की धारा 9 द्वारा (3-1-1977 से) अंत:स्थापित|*

*2. संविधान (सत्तानबेवाँ संशोधन) अधिनियम, 2011 की धारा 3 द्वारा (12-1-2012 से) अंत:स्थापित|*

*3. संविधान (छियासीवाँ संशोधन) अधिनियम, 2002 की धारा 3 द्वारा (1-4-2010 से) प्रतिस्थापित|*

[1]**[48क. पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा -** राज्य, देश के पर्यावरण के संरक्षण तथा संवर्धन का और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा|]

**49. राष्ट्रीय महत्व के संस्मारको, स्थानों और वस्तुओं का संरक्षण -** [2][संसद् द्वारा बनाई गई विधि द्वारा या उसे अधीन] राष्ट्रीय महत्व वाले [2][घोषित किए गए] कलात्मक या ऐतिहासिक अभिरुचि वाले प्रत्येक संस्मारक स्थान या वास्तु का, यथास्थिति, लुंठन, विरूपण, विनाश, अपसारण, व्ययन या निर्यात से संरक्षण करना राज्य की बाध्यता होगी|

**50. कार्यपालिका से न्यायपालिका का पृथक्करण -** राज्य की लोक सेवाओं में, न्यायपालिका को कार्यपालिका से प्रथक करने के लिए राज्य कदम उठाएगा|

**51. अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि -** राज्य -

(क) अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि का;

(ख) राष्ट्रों के बीच न्यायसंगत और सम्मानपूर्ण संबंधो को बनाए रखने का;

(ग) संगठित लोगों के एक-दूसरे से व्यवहारों में अंतरराष्ट्रीय विधि और संधि-बाध्यताओं के प्रति आदर बढ़ाने का; और

(घ) अंतरराष्ट्रीय विवादों के माध्यस्थम् द्वारा निपटारे के लिए प्रोत्साहन देने का,

प्रयास करेगा |

## [3][भाग 4क

## मूल कर्तव्य

**51क. मूल कर्तव्य -** भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह -

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शो, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र गान का आदर करे;

विभाजन का ऐसे प्राधिकारी द्वारा और ऐसी रीति से पुन: समायोजित किया जाएगा जो संसद् विधि द्वारा अवधारित करे:]

परंतु ऐसे पुन: समायोजित से लोक सभा में प्रतिनिधित्व पर तब तक कोई जब तक उस समय विधवान लोक सभा का विघटन नहीं हो जाता है :]

[7][परंतु यह और की ऐसा पुन: समायोजित उस तारीख से प्रभावी होगा जो राष्ट्रपति आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट करे और ऐसे पुन: समायोजन के प्रभावी होने तक लोक सभा के लिए कोई निर्वाचन उन प्रादेशिक निर्वाचन- क्षेत्रों के आधार पर हो सकेगा जो ऐसे पुन: समायोजन के पहले विद्यमान हैं:

---

1. *संविधान (इकतीसवाँ संसोधन ) अधिनियम,1973 की धारा 2 द्वारा अंत: स्थापित|*
2. *संविधान (बयालीसवाँ संसोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 15 द्वारा (3-1-1977 से ) अंत: स्थापित |*
3. *संविधान (चौरासीवाँ संसोधन ) अधिनियम, 2001 की धारा 3 द्वारा अंको "2000" के स्थान पर प्रतिस्थापित |*
4. *संविधान (चौरासिवाँ संसोधन ) अधिनियम, 2001 की धारा 3(ii) द्वारा " यह अर्थ लगाया जाएगा की वह 1971 की जनगणना के प्रति निर्देश है " शब्दों के लिए प्रतिस्थापित |*
5. *संविधान (सत्तासीवाँ संसोधन) अधिनियम, 2003 के द्वारा (22-6-2003 से ) अंको "1991" के स्थान पर प्रतिस्थापित |*
6. *संविधान (सातवाँ संसोधन अधिनियम ), 1956 के द्वारा (1-11-1956 से ) अनुच्छेद 82 के स्थान पर प्रतिस्थापित |*
7. *संविधान (बयालीसवाँ संसोधन ) अधिनियम, 1976 की धारा 16 द्वारा (3-1-1977 से ) अंत: स्थापित|*

परंतु यह और भी की जब तक सन्' [2026] के पश्चात् की गई पहली जनगणना के सुसंगत आँकड़े प्रकाशित नहीं हो जाते है तब तक [2][ इस अनुच्छेद के अधीन -

(i) राज्यों को लोक सभा में 1971 की जनगणना के आधार पर पुन: समायोजित स्थानों के आबंटन का, और

(ii) प्रत्येक राज्य के प्रादेशिक निर्वाचन- क्षेत्रों में विभाजन का, जो [3][2001] की जन गणना के आधार पर पुन: समायोजित किए जाए;

पुन: समायोजन आवश्यक नहीं होगा|]

**83. संसद् के सदनों की अवधि-** (1)राज्य सभा का विघटन नहीं होगा, किंतु उसके सदस्यों में से यथा संभव निकटतम एक- तिहाई सदस्य,संसद् द्वारा विधि द्वारा इस निमित्त किए गए उपबंधों के अनुसार, प्रत्येक द्वितीय वर्ष की समाप्ति पर यथाशक्य शीघ्र निवृत हो जायेगें|

(2) संसद् के किसी सदन की सदस्यता में कोई रिक्ति होने पर भी, उस सदन को कार्य करने की शक्ति होगी और यदि बाद में यह पता चलता है कि कोई व्यक्ति, जो ऐसा करने का हक़दार नहीं था, कार्यवाहियों में उपस्थिति रहा है या उसने मत दिया है या अन्यथा भाग लिया है तो भी संसद की कोई कार्यवाही विधिमान्य होगी |

(3) जब तक संसद् विधि द्वारा अन्यथा उपबंध न करे तब तक संसद् के प्रत्येक सदन का अधिवेशन गठित करने के लिए गणपूर्ति सदन के सदस्यों कि कुल संख्या का दसवा भाग होगी |

(4) यदि सदन के अधिवेशन में किसी समय गणपूर्ति नहीं है तो सभापति या अध्यक्ष अथवा उस रूप मै कार्य करने वाले व्यक्ति का वह कर्तव्य होगा कि वह सदन को स्थगित कर दे या अधिवेशन को तब तक के लिए निलंबित कर दे जब तक गणपूर्ति नहीं हो जाती है |

**सदस्यों कि निर्हितएं**

**101. स्थानों का रिक्त होना-** (1) कोई व्यक्ति संसद् के दोनों सदनों का सदस्य नहीं होगा और जो व्यक्ति दोनों सदनों का सदस्य चुन लिया जाता है उसके एक या दूसरे सदन के स्थान को रिक्त करने के लिए संसद् विधि द्वारा उपबंध करेगी |

(2)कोई व्यक्ति संसद् और किसी [1][***] राज्य के विधान - मंडल के किसी सदन, दोनों का सदस्य नहीं होगा और यदि कोई व्यक्ति संसद् और [2][ किसी राज्य ] के विधान- मंडल के किसी सदन, दोनों कस सदस्य चुन लिया जाता है तो ऐसी अवधि कि समाप्ति के पश्चात् जो राष्ट्रपति द्वारा बनाए गए नियमों 3 में विनिर्दिष्ट कि जाए, संसद् में ऐसे व्यक्ति का स्थान रिक्त हो जाएगा यदि उसने राज्य के विधान- मंडल में अपने स्थान को पहले ही त्याग दिया है |

(3) यदि संसद् के किसी सदन का सदस्य -

---

1. *संविधान (सातवाँ संसोधन ) अधिनियम, 1956 कि धारा 29 और अनुसूची द्वारा(1-11-1956 से ) “पहली अनुसूची के भाग क या ख में विनिर्दिष्ट” शब्द और अक्षरों का लोप किया गया |*

*2. संविधान (सातवाँ संसोधन ) अधिनियम, 1956 कि धारा 29 द्वारा और अनुसूची द्वारा (1-11-1956 से ) “ऐसे किसी राज्य” के स्थान पर प्रतिस्थापित |*

*3. देखिये, विधि मंत्रालय कि अधिसूचना संख्या एफ. 46/50- सी.तारीख 26 जनवरी, 1950, भारत का राजपत्र, असाधारण पृष्ठ 678 में प्रकाशित समसामयिक सदस्यता प्रतिषेध नियम, 1950*

**243.-यज्ञ. सहकारी समितियों का निगमन -** इस भाग के प्रावधानों के अध्यधीन, राज्य विधान मंडल, विधि द्वारा, ऐच्छिक गठन, लोकतान्त्रिक सदस्य नियंत्रण, सदस्य आर्थिक भागीदारी और स्वायत्त कार्य संपादन के सिद्धांतों पर आधारित सहकारी समितियों के निगमन, विनियमन और समापन के संबंध में उपबंध निर्मित कर सकेगा|

---

1. *भाग 9-ख (अनुच्छेद 243यज से 243यन) संविधान के (सत्तानवें संशोधन) अधिनियम, 2011 की धारा 4 द्वारा (15-2-2012 से) अंत:स्थापित|*

**243-यत्र. बोर्ड के सदस्यों और उसके पदाधिकारियों की संख्या और पदावधि-** (1) बोर्ड का गठन निदेशकों की ऐसी संख्या से होगा, जैसा कि राज्य विधानमंडल द्वारा विधि द्वारा उपबंधित किया जाए|

परंतु सहकारी समिति के निदेशकों की अधिकतम संख्या इक्कीस से अधिक नहीं होगी|

परंतु यह और कि राज्य विधानमंडल, विधि द्वारा अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए एक स्थान और महिलाओं के लिए दो स्थानों का आरक्षण प्रत्येक सहकारी समिति के बोर्ड पर करेगा, जिसका गठन सदस्यों के रूप में व्यष्टियों से होगा और जिसमे व्यक्तियों के ऐसे वर्ग या संवर्ग से सदस्य होंगे|

(2) बोर्ड के निर्वाचित सदस्यों और उसके पदाधिकारियों कि पदावधि निर्वाचन की तारीख से पांच वर्ष होगी और पदाधिकारियों की पदावधि बोर्ड की अवधि सेसंलग्न होगी :

परंतु बोर्ड, बोर्ड में आकस्मिक रिक्ति की सदस्यों के उसी वर्ग में से नामांकन द्वारा भर सकेगा, जिसके संबंध में आकस्मिक रिक्ति हुयी है, यदि बोर्ड की पदावधि उसकी मूल अवधि के आधे से कम है|

(3) राज्य विधानमंडल, विधि द्वारा, बोर्ड के सदस्यों होने के लिए व्यक्तियों का, जो बैंककार, प्रबंधन, वित्त के क्षेत्र में अनुभव या सहकारी समिति द्वारा ग्रहण किये गये उद्देश्यों और क्रियाकलापों से संबंधित किसी अन्य क्षेत्र में विशेषज्ञता धारण करता है, सहयोजन ऐसी समिति के बोर्ड के सदस्य के रूप में करेगा:

परंतु ऐसे सहयोजित सदस्यों की संख्य खंड (1) के प्रथम परन्तुक में विनिर्दिष्ट इक्कीस निदेशकों के अतिरिक्त दो से अधिक नहीं होगी:

परंतु यह और कि ऐसे सहयोजित सदस्यों को सहकारी समिति के किसी निर्वाचन में ऐसे सदस्य के रूप में उनकी हैसियत में मतदान करने और बोर्ड के पदाधिकारी के रूप में निर्वाचित किये जाने के लिए अर्ह होने का अधिकार नहीं होगा:

परंतु यह भी सहकारी समिति के कार्यकारी निदेशक भी बोर्ड के सदस्य होंगे और ऐसे सदस्य खंड (1) के प्रथम परंतुक में विनिर्दिष्ट निदेशकों कि कुल संख्या कि गणना के प्रयोजन के लिए अपवर्जित किये जायेंगे|

**243- यट. बोर्ड के सदस्यों का निर्वाचन-** (1) राज्य के विधानमंडल द्वारा निर्मित किसी विधि में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए, बोर्ड का निर्वाचन बोर्ड की अवधि के अवसान के पूर्व किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जाय कि बोर्ड के नये रीति से निर्वाचित सदस्य पदावरोही बोर्ड के सदस्यों के पद के अवसान पर तत्काल पद ग्रहण करेंगे|

(2) सहकारी समिति के सभी निर्वाचनों के लिए निर्वाचक नामावली की तैयारी का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण और संचालन ऐसे प्राधिकारी या निकाय में निहित होगा, जैसा कि विधि द्वारा राज्य विधान मंडल द्वारा उपबंधित किया जाए :

परंतु राज्य विधानमंडल विधि द्वारा निर्वाचनों के संचालन के लिए प्रक्रिया और दिशा निर्देश का उपबंध कर सकेगी|

**243- यठ. बोर्ड का दमन और निलंबन तथा अंतरिम प्रबंध -** (1) तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में अंतर्विष्ट किसी बट के होते हुए, किसी बोर्ड का छः मास से अधिक की अवधि के लिए दमन नहीं किया जाएगा या निलंबन के अधीन नहीं रखा जाएगा :

(i) उसके निरंतर व्यतिक्रम के मामले में; या

(ii) उसके कर्तव्यों के निर्वहन में उपेक्षा के मामले में; या

(iii) यदि बोर्ड ने सहकारी समिति या उसके सदस्यों के हित के प्रतिकूल कोई कार्य किया है; या

(iv) बोर्ड के गठन या कृत्य में गत्यावरोध है ; या

(v) प्राधिकारी या निकाय, जैसा कि राज्य विधानमंडल द्वारा विधि द्वारा अनुच्छेद 243-यट के खंड (2) के अधीन उपबंधित है, राज्य के अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन संचालित करने में असफल रहा है :

परंतु यह और कि किसी ऐसी सहकारी समिति के बोर्ड का दमन नहीं किया जाएगा या निलंबन के अधीन नहीं रखा जाएगा, जहाँ सरकार द्वारा कोई सहकारी अंशधारण या ऋण या वित्तीय सहायता का कोई प्रत्याभूति नहीं है :

परंतु यह भी कि बैंककार कारबार करने वली सहकारी समिति के मामले में, बैंककार विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) के प्रावधान भी लागू होंगे :

परंतु यह भी कि बैंककार कारबार करने वाली बहुराज्यिक सहकारी समिति के अतिरिक्त ऐसी सहकारी समिति के मामले, इस खंड के प्रावधानों का प्रभाव होगा, मानों शब्दों "छः मास" के लिए शब्द "एक वर्ष" प्रतिस्थापित किये गये है|

(2) बोर्ड के दमन के मामले में, ऐसी सहकारी समिति के मामलों का प्रबंध करने के लिए नियुक्त प्रशासक खंड (1) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर निर्वाचनों के सचालन के लिए प्रबंध करेगा और निर्वाचित बोर्ड को प्रबंध सौंपेगा|

(3) राज्य विधानमंडल, विधि द्वारा, प्रशासक कि सेवा शर्तों के लिए प्रावधान निर्मित कर सकेगा|

**243- यड. सहकारी समितियों के लेखा का लेखा संपरीक्षण-** (1) राज्य विधानमंडल, विधि द्वारा सहकारी समितियों द्वारा लेखा को बनाये रखने और प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार ऐसे लेखा का लेखा संपरीक्षण करने के संबंध में उपबंध निर्मित कार सकेगा|

(2) राज्य विधानमंडल, विधि द्वारा, लेखा संपरीक्षकों और लेखा संपरीक्षण करने वाले फर्मों कि, जो सहकारी समितियों के लेखा का लेखा संपरीक्षण करने के लिए अर्ढ़ होंगे, न्यूनतम अर्हता और अनुभव को अधिकथित करेगा|

(3) प्रत्येक सहकारी समिति खंड (2) में निर्दिष्ट लेखा संपरीक्षण करने वाले फार्म से, जिसकी नियुक्ति सहकारी समिति के सामान्य निकाय द्वारा की जाएगी, लेखा संपरीक्षण कराएगा:

परंतु ऐसे लेखा संपरीक्षकों या लेखा संपरीक्षण करने वाले फर्मों की नियुक्ति राज्य सरकार या इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित पैनल से की जाएगी|

(4) प्रत्येक सहकारी समिति के लेखा का लेखा संपरीक्षण वित्तीय वर्ष के, जिससे ऐसा लेखा सबंधित है, समापन के छः मास के भीतर किया जाएगा|

(5) उच्चतम सहकारी समिति के, जैसा कि राज्य अधिनियम में परिभाषित किया जाए, लेखा का लेखा संपरीक्षण रिपोर्ट राज्य विधानमंडल के समक्ष उस रीति में रखी जाएगी, जैसा कि राज्य विधानमंडल द्वारा विधि द्वारा उपबंधित किया जाए|

**243-यढ. सामान्य सभा की बैठक आयोजित करना-** राज्य विधानमंडल, विधि द्वारा, यह उपबंध कर सकेगा कि प्रत्येक सहकारी समिति के साधारण सभा की वार्षिक बैठक कारबार का संव्यवहार करने के लिए वित्तीय वर्ष के समापन के छः मास की अवधि के भीतर आयोजित की जाएगी, जैसा कि ऐसी विधि में उपबंधित किया जाए|

**243-यण. सदस्य का सूचना प्राप्त करने का अधिकार -** (1) राज्य विधानमंडल, विधि द्वारा, सहकारी समिति के प्रत्येक सदस्य की ऐसे सदस्य के साथ उसके कारबार के नियमित एवं संव्यवहार में रखे गये सहकारी समिति की बही, सूचना और लेखा तक पहुँच के लिए उपबंध कर सकेगा|

(2) राज्य विधान मंडल, विधि द्वारा, सदस्यों द्वारा बैठक में उपस्थित होने और सेवा के न्यूनतम स्तर का उपयोग करने की न्यूनतम अपेक्षा का उपबंध करते हुए सहकारी समिति के प्रबंधन में सदस्यों की भागीदारी कों सुनिश्चित करने के लिए उपबंधि निर्मित कर सकेगा, जैसा कि ऐसी विधि द्वारा उपबंधित की जाए|

(3) राज्य विधानमंडल, विधि द्वारा, उसके सदस्यों के लिए सहकारी शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए उपबंध कार सकेगा|

**243-यत. विवरणी-** प्रत्येक सहकारी समिति प्रत्येक वित्तीय वर्ष के समापन के छः मास के भीतर राज्य सरकार द्वारा पदाभिहित प्राधिकरण के समक्ष विवरणी दाखिल करेगा, जिसमे निम्नलिखित विषय शामिल है, अर्थात् -

(क) उसके क्रियाकलापों की वार्षिक रिपोर्ट;

(ख) उसके लेखा का लेखा संपरीक्षित विवरण;

(ग) अधिशेष निस्तारण के लिए योजना, जैसा कि सहकारी समिति के सामान्य निकाय द्वारा अनुमोदित है;

(घ) सहकारी समिति की उपाधि में संशोधन की अनुसूची, यदि कोई हो;

(ङ) उसके सामान्य सभा की बैठक कों आयोजित करने और निर्वाचनों के, जब नियत हो, संचालन की तारीख से संबंधित घोषणा; और

(च) राज्य अधिनियम के प्रावधानों में से किसी के अनुसरण में रजिस्ट्रार द्वारा अपेक्षित कोई ऐसी सूचना|

**243-यथ. अपराध और शास्तियाँ -** (1) राज्य विधानमंडल, विधि द्वारा, सहकारी समितियों से संबंधित अपराधों और ऐसे अपराधों के लिए शास्तियों के लिए उपबंध कर सकेगा|

(2) खंड (1) के अधीन राज्य विधानमंडल द्वारा निर्मित विधि अपराध के रूप में निम्नलिखित या मिथ्या सूचना देता है या कोई व्यक्ति जानबूझकर राज्य अधिनियम के प्रावधानों के अधीन इस निमित्त प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा उससे अपेक्षित कोई सूचना नहीं देता;

(ख) कोई व्यक्ति जानबूझकर या किसी युक्तियुक्त प्रतिहेतु के बिना राज्य अधिनियम के प्रावधानों के अधीन जारी किये गये किसी समन, अध्यपेक्षा या विधिपूर्ण लिखित आदेश की अवज्ञा करता है;

(ग) कोई नियोजक, जो पर्याप्त कारण के बिना, सहकारी समिति कों उसके कर्मचारी से उसके द्वारा कटौती की गयी धनराशि का उस तारीख से, जिसको ऐसी कटौती की जाती है, चौदह दिनों की अवधि के भीतर भुगतान करने में असफल रहता है;

(घ) कोई अधिकारी या अभिरक्षक, जो जानबूझकर सहकारी समिति से संबंधित, जिसका वह अधिकारी या अभिरक्षक है, बहियों, लेखा, दस्तावेजों, अभिलेखों, नकद, प्रतिभूति और अन्य संपत्ति प्राधिकृत व्यक्ति को सौंपने में असफल रहता है; और

(ङ) जो कोई, बोर्ड के सदस्यों या पदाधिकारियों के निर्वाचन के पूर्व, दौरान या के पश्चात् किसी भ्रष्ट आचरण कों अंगीकार करता है|

**243-यद. बहुराज्यिक सहकारी समितियों को लागू होना-** इस भाग के प्रावधान बहुराज्यिक सहकारी समितियों को इस उपान्तरण के अध्यधीन लागू होंगे कि "राज्य के विधान मण्डल", "राज्य अधिनियम" या "राज्य सरकार" कों किसी निर्देश का अर्थान्वयन क्रमश: "संसद्", "केन्द्रीय अधिनियम" या "केन्द्रीय सरकार" के प्रति निर्देश के रूप में किया जाएगा|

**243-यथ. संघ राज्य क्षेत्रों कों लागू होना-** इस भाग के प्रावधान संघ राज्य क्षेत्रों कों लागू होंगे और संघ राज्यक्षेत्र का, जिसमे कोई विधान सभा नहीं है, लागू होने में, विधानमंडल कों निर्देश अनुच्छेद 239 के अधीन नियुक्त किये गये उसके प्रशासक और संघ राज्य के संबंध में, जिसमे विधानसभा है, उस विधान सभा का निर्देश होगा:

परंतु राष्ट्रपति, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, निर्देश दे सकेगा कि इस भाग के प्रावधान किसी संघ राज्यक्षेत्र या उसके किसी भाग कों लागू नहीं होंगे, जैसा कि वह अधिसूचना में विनिर्दिष्ट करे|

**243-यन. विद्यमान विधि का जारी रहना-** इस भाग में किसी बात के होते हुए भी, संविधान (सत्तानबेवां संशोधन) अधिनियम, 2011 के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व राज्य में प्रवृत्त बने रहेंगे, जब तक सक्षम विधानमंडल या अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा संशोधन या निरसित न किया जाए या जब तक ऐसे प्रारंभ से एक वर्ष के भीतर अवसान न हो, जो भी कम हो|]

## भाग 10 : अनुसूचित और जनजाति क्षेत्र

**244. अनुसूचित क्षेत्रों और जनजाति क्षेत्रों का प्रशासन-** (1) पाँचवीं अनुसूची के उपबंध [1][असम, [2][[3][मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम]] राज्यों] से भिन्न [4][***] किसी राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण के लिए लागू होंगे।

---

1. *पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 (1971 का 81) की धारा 71 द्वारा (21-1-1972 से) "असम राज्य" के स्थान पर प्रतिस्थापित।*
2. *मिजोरम राज्य अधिनियम, 1986 (1986 का 34) की धारा 39 द्वारा (20-2-1987 से) "मेघालय और त्रिपुरा" शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित।*
3. *संविधान (उनचासवाँ संशोधन) अधिनियम, 1984 की धारा 2 द्वारा "और मेघालय" के स्थान पर (1-4-1985 से) प्रतिस्थापित।*

(3) इस अनुच्छेद के पूर्वगामी उपबंधों में किसी बात के होते हुए भी, राष्ट्रपति लोक अधिसूचना द्वारा घोषणा कर सकेगा कि यह अनुच्छेद प्रवर्तन में नहीं रहेगा या ऐसे अपवादों और उपांतरणों सहित ही और ऐसी तारीख से, प्रवर्तन में रहेगा, जो वह विनिर्दिष्ट करे:

परंतु राष्ट्रपति द्वारा ऐसी अधिसूचना निकाले जाने से पहले खंड (2) में निर्दिष्ट उस राज्य की संविधान सभा की सिफारिश आवश्यक होगी।

**[2][371 [3][* * *] महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों के संबंध में विशेष उपबंध - 4[***]**

---

1. *समय-समय पर यथासंशोधित संविधान (जम्मू और कश्मीर राज्य को लागू होना) आदेश, 1954 (सं. आ. 48) परिशिष्ट 1 में देखिए।*
2. *संविधान (सातवाँ संशोधन) अधिनियम, 1956 की धारा 22 द्वारा अनुच्छेद 371 के स्थान पर प्रतिस्थापित।*
3. *संविधान (बत्तीसवाँ संशोधन) अधिनियम, 1973 की धारा 2 द्वारा (1-7-1974 से) "आंध्र प्रदेश," शब्दों का लोप किया गया।*
4. *संविधान (बत्तीसवाँ संशोधन) अधिनियम, 1973 की धारा 2 द्वारा (1-7-1974 से) खंड (1) का लोप किया गया।*

(2) इस संविधान में किसी बात के होते हुए भी, राष्ट्रपति, 4[महाराष्ट्र या गुजरात राज्य] के संबंध में किए गए आदेश द्वारा: -

(क) यथास्थिति, विदर्भ, मराठवाड़ा [2][और शेष महाराष्ट्र या ] सौराष्ट्र, कच्छ और शेष गुजरात के लिए पृथक विकास बोर्डों की स्थापना के लिए, इस उपबंध सहित कि इन बोर्डों में से प्रत्येक के कार्यकरण पर एक प्रतिवेदन राज्य विधान सभा के समक्ष प्रतिवर्ष रखा जाएगा,

(ख) समस्त राज्य की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए, उक्त क्षेत्रों के विकास व्यय के लिए निधियों के साम्यापूर्ण आबंटन के लिए, और

(ग) समस्त राज्य की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए, उक्त सभी क्षेत्रों के संबंध में, तकनीकी शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त सुविधाओं की और राज्य सरकार के नियंत्रण के अधीन सेवाओं में नियोजन के लिए पर्याप्त अवसरों की व्यवस्था करने वाली साम्यापूर्ण व्यवस्था करने के लिए,

राज्यपाल के किसी विशेष उत्तरदायित्व के लिए उपबंध कर सकेगा।

[3]**[371क. नागालैंड राज्य के संबंध में विशेष उपबंध -** (1) इस संविधान में किसी बात के होते हुए भी,-

(क) निम्नलिखित के संबंध में संसद् का कोई अधिनियम नागालैंड राज्य को तब तक लागू नहीं होगा जब तक नागालैंड की विधान सभा संकल्प द्वारा ऐसा विनिश्चय नहीं करती है, अर्थात् : --

1. *अरुणाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1986 (1986 का 69) की धारा 4 द्वारा (20-2-1987 से) अंत:स्थापित|*
2. *गोवा, दमण और दीव पुनर्गठन अधिनियम, 1987 (1987 का 18) की धारा 5 द्वारा (30-5-1987 से) अंत:स्थापित|*
3. *2000 के अधिनियम 28 की धारा 5 (ख) द्वारा (1-11-2000 से) अंत:स्थापित|*
4. *2000 के अधिनियम 29 की धारा 5 (ख) द्वारा (9-11-2000 से) अंत:स्थापित|*
5. *उत्तरांचल (नाम-परिवर्तन) अधिनियम, 2006 (2006 का 52) की धारा 4 द्वारा उत्तरांचल के स्थान पर प्रतिस्थापित|*
6. *2000 के अधिनियम 30 की धारा 5 (ख) द्वारा (15-11-2000 से) अंत:स्थापित|*

**2. संघ राज्यक्षेत्र**

| नाम | विस्तार |
|---|---|
| 1. दिल्ली | वह राज्यक्षेत्र जो इस संविधान के प्रारंभ से ठीक पहले दिल्ली के मुख्य आयुक्त वाले प्रांत में समविष्ट था| |
| [1][* * * * * | *] |
| [2][* * * * * | *] |
| [3][2.] अंदमान और निकोब्र द्वीप | वह राज्यक्षेत्र जो इस संविधान के प्रारंभ से ठीक पहले अंदमान और निकोबार द्वीप के मुख्य आयुक्त वाले प्रांत में समाविष्ट था| |
| [3][3.][4][लक्षद्वीप] | वह राज्यक्षेत्र जो राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 6 में विनिर्दिष्ट है| |
| [5][[3][4]दादरा और नागर हवेली | वह राज्यक्षेत्र जो 11nअगस्त, 1961 से ठीक पहले स्वतंत्र दादरा और नागर हवेली में समाविष्ट था|] |
| [6][[3][[7][5.]दमण और दीव | वे राज्यक्षेत्र जो गोवा, दमण और दीव पुनर्गठन अधिनियम, 1987 की धारा 4 में विनिर्दिष्ट है|] |
| [8][[3][6.][9][पुद्दुचेरी] | वे राज्यक्षेत्र जो 16 अगस्त, 1962 से ठीक पहले भारत में पांडिचेरी, कारिकल, माही और यनम के नाम से ज्ञात फ्रांसीसी बस्तियों में समाविष्ट थे|] |
| [10][[3][7.]चंडीगढ़ | वे राज्यक्षेत्र जो पंजाब (पुनर्गठन) अधिनियम, 1966 की धारा 4 में विनिर्दिष्ट है|] |
| [11][* * * * * | *] |
| [12][* * * * * | *] |

## दूसरी अनुसूची

(अनुच्छेद 59(3), 65(3), 75(6), 97, 125, 148(3), 158(3), 164(5), 186 और 221)

### भाग क

### राष्ट्रपति और [1][***] राज्यों के राज्यपालों के बारे में उपबंध

**1. राष्ट्रपति और [1][***](संविधान (सातवां संशोधन) अधिनियम, 1956 की धारा 29 और अनुसूची द्वारा 'पहली अनुसूची के भाग क में विनिर्दिष्ट' शब्दों और अक्षर का लोप किया गया।) राज्यों के राज्यपालों को प्रति मास निम्नलिखित उपलब्धियों का संदाय किया जाएगा, अर्थात्-**

| | |
|---|---|
| **राष्ट्रपति** | **[2][1,50,000 रूपए]** |
| **राज्य का राज्यपाल** | **[3][1,10,000 रूपए]** |

2. राष्ट्रपति और [4][***] राज्यों के राज्यपालों को ऐसे भत्तो का भी संदाय किया जाएगा जो इस संविधान के प्रारंभ से ठीक पहले क्रमशः भारत डोमिनियन के गवर्गर जनरल को तथा तत्स्थानी प्रांतो के गर्वनरों को संदेय थे|

3. राष्ट्रपति और [8][राज्यों] के राज्यपाल अपनी-अपनी संपूर्ण पदावधि में ऐसे विशेषाधिकारों के हकदार होंगे जिनके इस संविधान के प्रारंभ से ठीक पहले क्रमशः गवर्नर जनरल और तत्स्थानी प्रांतो के गवर्नर हकदार थे|

4. जब उपराष्ट्रपति या कोई अन्य व्यक्ति राष्ट्रपति के कृत्यों का निर्वहन कर रहा है या उसके रूप में कार्य कर रहा है या कोई व्यक्ति राज्यपाल के कृत्यों का निर्वहन कर रहा है तब वह ऐसी उपलब्धियों, भत्तों और विशेषाधिकारों का हकदार होगा जिनका, यथास्थिति, वह राष्ट्रपति या राज्यपाल हकदार है, जिसके कृत्यों का वह निर्वहन करता है या, यथास्थिति, जिसके रूप में वह कार्य करता है।

[6][* * * * *]

### भाग ग

### लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के तथा राज्यसभा के सभापति और उपसभापति के तथा [7][***][8][राज्य] की विधान सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के तथा विधान परिषद् के सभापति और उपसभापति के बारे में उपबंध

---

1. *संविधान (सातवां संशोधन) अधिनियम, 1956 की धारा 29 और अनुसूची द्वारा "पहली अनुसूची के भाग क में विनिर्दिष्ट" शब्दों और अक्षर का लोप किया गया|*
2. *राष्ट्रपति की परिलब्धियाँ और पेंशन (संशोधन) अधिनियम, 2008 (2008 का 28) की धारा 2 द्वारा (1-1-2006 से) से "50,000 रूपए" के स्थान पर प्रतिस्थापित|*
3. *राज्यपाल की (परिलब्धियाँ, भते और विशेषाधिकार) संशोधन अधिनियम, 2008 (2009 का 1) द्वारा (11-1-2006 से) "36000 रूपए" के स्थान पर प्रतिस्थापित|*
4. *संविधान (सातवां संशोधन) अधिनियम, 1956 की धारा 29 और अनुसूची द्वारा "ऐसे विनिर्दिष्ट" शब्दों का लोप किया गया|*
5. *संविधान (सातवां संशोधन) अधिनियम, 1956 की धारा 29 और अनुसूची द्वारा "ऐसे राज्यों" के स्थान पर प्रतिस्थापित|*

## [1][चौथी अनुसूची

## (अनुच्छेद 4 (1) और अनुच्छेद 80 (2)

## राज्यसभा में स्थानों का आबंटन

निम्नलिखित सारणी के पहले स्तंभ में विनिर्दिष्ट प्रत्येक राज्य या संघ राज्य क्षेत्र को उतने स्थान आबंटित किए जाएँगे जितने उसके दूसरे स्तंभ में, यथास्थिति, उस राज्य या उस संघ राज्य क्षेत्र के सामने विनिर्दिष्ट हैं।

सारणी

| | |
|---|---|
| 1. आंध्रप्रदेश | 18 |
| 2. असम | 7 |
| 3. बिहार | [2][16] |
| [4. झारखंड | 6] |
| 4[5[5. गोवा | 1] |
| 6[7[6. गुजरात | 11] |
